संख्या-48 /2026/462/2026/27-2099/99/2025-26-2

प्रेषक,

सिद्धा शरण पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-2 **लखनऊ :: दिनांक 28 मार्च, 2026**

विषय- वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाबार्ड पोषित मद के अन्तर्गत 11 अदद नई परियोजनाओं की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन (बाढ़), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक-390/काप्रअ/अनिबामं/यू-10बी-1प्र0, दिनांक 09.03.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरिसंदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के आधार पर निम्नलिखित विवरण की नाबार्ड से वित्त पोषण किये जाने की प्रत्याशा में कुल 11 अदद् नई परियोजनाओं की कुल लागत रू0 72,68,68,000.00 (रूपये बहत्तर करोड़ अड़सठ लाख अड़सठ हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-94 के लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियन्त्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-01-बाढ़ नियन्त्रण-103-सिविल निर्माण कार्य-23-नदी में सुधार व कटान निरोधक योजनाएं (नाबार्ड पोषित)-24-वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत बजट व्यवस्था एकमुश्त (नई-श्रेणी) की अवशेष धनराशि में से प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0 23,00,000.00 (रूपये तेईस लाख मात्र) एवं लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियन्त्रण परियोजना पर पूँजीगत परिव्यय-03-जल निकास-103-सिविल निर्माण कार्य-07-जल निकास योजना (नाबार्ड पोषित)-24-वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत उपलब्ध बजट व्यवस्था एकमुश्त (नई-श्रेणी) में से प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0 1,00,000.00 (रूपये एक लाख मात्र) अर्थात कुल रू0 24,00,000.00 (रूपये चौबीस लाख मात्र) की धनराशि को अवमुक्त करते हुये प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 स0	खण्ड का नाम	मण्डल का नाम	संगठन का नाम	परियोजनाओं के नाम	स्थायी संचालन समिति का संदर्भ/ क्र0 सं0	लागत (लाख रू0 में)	स्वीकृत धनराशि (एकमुश्त नई से)
1	2	3	4	5	6	7	8
94-4711-01-103-23-24 नदी में सुधार व कटाव निरोधक योजनाएं (नाबार्ड पोषित)							
1	शारदा	सिंचाई कार्य मण्डल सीतापुर	सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर	जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम बढईन का पुरवा, पुजारिनपुरवा, रहमानपुरवा, जल्लहापुरवा व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-171	603.15	1.00
2	शारदा	सिंचाई कार्य मण्डल सीतापुर	सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर	जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम मारस्टरपुरवा, बुढ़नापुर, काटकोला, बाबूपुरवा व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-172	614.26	1.00
3	शारदा	सिंचाई कार्य मण्डल सीतापुर	सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर	जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम रतौली, रमपुरवा, बेलवा, पट्टी व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक परियोजना की पुनर्स्थापना का कार्य।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-173	398.93	1.00

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4	शारदा	सिंचाई कार्य मण्डल सीतापुर	सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर	जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम बसन्तापुरा, देवपालपुर व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक परियोजना की पुनर्स्थापना का कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-174	661.83	1.00
5	शारदा	सिंचाई कार्य मण्डल सीतापुर	शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर	जनपद शाहजहाँपुर में तहसील सदर के अन्तर्गत गर्रा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम शाहबाजपुर सरौरा एवं सरौरी आदि ग्राम समूह की गर्रा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-176	618.78	1.00
6	शारदा	षष्ठम मण्डल सिंचाई कार्य लखनऊ	हरदोई खण्ड शारदा नहर हरदोई	जनपद हरदोई में गंगा नदी के बायें किनारे पर स्थित सवेदनशील ग्राम मदारीपुरवा में कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-183	645.67	1.00
7	सोन	सिंचाई कार्य मण्डल, प्रयागराज	बाढ़ कार्य खण्ड, प्रयागराज	जनपद प्रयागराज के तहसील मेजा के विकास खण्ड माण्डा में गंगा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम डेंगुरपुर की बाढ़ कटाव से सुरक्षा हेतु बोल्डर कटर सहित स्लोप पिचिंग कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-191	718.80	2.00
8	रामगंगा	सिंचाई कार्य मण्डल अलीगढ़	सिंचाई खण्ड, कासगंज	कासगंज के विधानसभा अमापुर की तहसील सहावर में गंगा नदी के दायें किनारे पर ग्राम मुज्जफरनगर में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-217	563.68	5.00
9	रामगंगा	सिंचाई कार्य मण्डल अलीगढ़	सिंचाई खण्ड, कासगंज	जनपद कासगंज की विधानसभा क्षेत्र पटियाली की तहसील पटियाली के अन्तर्गत गंगा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम गोलामणि व किसौल में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-218	717.66	5.00
10	रामगंगा	सिंचाई कार्य मण्डल अलीगढ़	सिंचाई खण्ड, कासगंज	जनपद कासगंज की तहसील पटयाली के अन्तर्गत गंगा नदी के दाये किनारे पर स्थित ग्राम बरौना मंे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-219	1232.84	5.00
				योग (23-24)		6775.60	23.00
94-4711-03-103-07-24 जलनिकास योजना (नाबार्ड पोषित)							
11	शारदा	सिंचाई कार्य मण्डल सीतापुर	शारदा नहर खण्ड, शाहजहाँपुर	जनपद शाहजहाँपुर में तहसील तिलहर के अन्तर्गत देवहा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम सथरापुर एवं बहेड आदि ग्राम समूह की देवहा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना।	60वीं बैठक, दिनांक 12.12.2025 क्रमांक-175	493.08	1.00
				योग (07-24)		493.08	1.00
				नाबार्ड मदों का कुल महायोग		7268.68	24.00

(रूपये चौबीस लाख मात्र)

<u>नियम व शर्तें/ प्रतिबन्धों</u>

3- उक्त धनराशि का व्यय करने में निम्नांकित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए:-

(1) अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जाएगी। अधिष्ठान व्यय वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश सं0-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 के साथ पठित शासनादेश सं0-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75, दिनांक 11.11.2014 द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जाए।

(3) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व परियोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल स्वीकृत कार्य पर ही किया जाएगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई/सम्बन्धित अधिकारियों का होगा।

(4) यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशियों का प्रदेशन (एलाटमेन्ट) किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और फाइनेंशियल हैण्ड बुक के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो, उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाए। व्यय करने से पूर्व कार्य के विस्तृत आगणनों पर सक्षम प्राधिकारी की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाए।

(5) यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जिन परियोजनाओं की स्वीकृति शासन स्तर से अपेक्षित है उनकी स्वीकृति प्राप्त करने हेतु शासन के सम्बन्धित अनुभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराए। इन परियोजनाओं पर किसी अन्य मद से यदि धनराशि प्राप्त हुई हो तो उसका समायोजन कर लिया जाएगा तथा स्वीकृत की गई धनराशि का व्यय अनुमोदित मदों पर ही किया जाएगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

(6) निर्माण कार्यो पर व्यय करने के पूर्व आगणनों/पुनरीक्षित आगणनों पर प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्राप्त कर लिया जायेगा तथा अवमुक्त धनराशि का व्यय सम्बन्धित परियोजना की अनुमोदित लागत तक ही सीमित रखा जायेगा, अनुमोदित लागत के ऊपर धनराशि का व्यय करने से पूर्व शासन की अनुमति अनिवार्यत: प्राप्त की जाएगी।

(7) अनुदान के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समकक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(8) वित्त विभाग के सी0सी0एल0 संबंधी आदेशों को संज्ञान में लेते हुए अवमुक्त धनराशि के व्यय का माहवार कार्यक्रम निर्धारित कर लिया जाए, जिसमें यथा सम्भव समानुपातिक आधार पर व्यय की व्यवस्था हो। तद्नुसार व्यय सुनिश्चित करने के लिये प्रभावी अनुश्रवण किया जाए। परियोजनाओं की लागत में टाईम ओवर रन/कास्टओवर रन विषयक समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(9) बी0एम0 प्रपत्र-8 पर नियमित रूप से व्यय विवरण की सूचना शासन में वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8 व सिंचाई अनुभाग-2 को प्रतिमाह उपलब्ध कराई जाए।

(10) उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के पैरा-88 के अनुसार नियंत्रक अधिकारी/विभागाध्यक्ष इस बात को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि व्यय को कड़ाई के साथ प्राधिकृत विनियोग के भीतर रखा जाए। इसलिए नियंत्रक अधिकारी तथा विभागाध्यक्ष के स्तर पर भी वित्तीय स्वीकृतियों के समक्ष व्यय के अनुश्रवण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और यदि किसी विनियोग की प्राथमिक इकाई के अधीन आनुपातिक आधार पर व्यय में किसी बड़े अन्तर होने की सम्भावना मालूम पड़े, तो उसे तत्काल शासन/वित्त विभाग के संज्ञान में लाया जाए।

(11) शासकीय व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। अत: व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

(12) उक्त धनराशि को कोषागार से एकमुश्त न आहरित कर फेजिंग के अनुसार समानुपातिक किश्तों में आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय किया जाएगा तथा आहरित धनराशि बैंक/पीएलए/डाकघर/डिपाजिट खाते में न रखी जाए।

(13) उक्त धनराशि का व्यय, वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक 25.01.2011 तथा श्रम अनु0-2 के शासनादेश सं0-1666/36-2-2010, दि0 05.12.2010 में उल्लिखित दिशा निर्देशों एवं शर्तो के अन्तर्गत सेन्टेज/अधिष्ठान व्यय को आगणन में सम्मिलित करते हुए इस धनराशि को जोड़कर संबंधित लेखाशीर्षकों में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

(14) कार्य की विशिष्टियॉ मानक/गुणवत्ता तथा मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व/ जिम्मेदारी प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई तथा सम्बन्धित अधिकारियों की होगी। प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लिकेसी) रोकने के दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व प्रमुख अभियन्ता द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजना का निर्माण कार्य समय से पूरा हो।

(15) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाएगी तथा समक्ष स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

(16) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।

(17) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जाएगा।

(18) यह भी सुनिश्चित किया जाए कि स्वीकृत किए जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(19) प्रमुख अभियन्ता सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता को धनराशि आवंटित करेंगे। किसी भी दशा में अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता को प्रमुख अभियन्ता द्वारा धनराशि आवंटित नहीं की जाएगी।

(20) प्रमुख अभियन्ता आवंटित धनराशि की सूचना 10 दिन के भीतर शासन को उपलब्ध कराएंगे।

(21) प्रमुख अभियन्ता द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(22) प्रमुख अभियन्ता द्वारा भविष्य में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि भूमि अध्याप्ति हेतु अनुमोदित लागत से अधिक धनराशि अवमुक्त नहीं की जायेगी।

(23) इस संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्याः 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांकः 27 मार्च 2025 दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(24) प्रमुख अभियन्ता एवं सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का यह दायित्व होगा कि वह परियोजना का बार चार्ट तथा पाई चार्ट तैयार कराएंगे तथा व्यय की जाने वाली धनराशि का माहवार चार्ट बनाकर विवरण सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता द्वारा शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

(25) प्रमुख अभियन्ता नाबार्ड की शर्तों तथा योजना की गाइड लाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(26) संबंधित मुख्य अभियन्ता द्वारा यह स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय कर लिए जाने के उपरान्त 15 दिन के अन्दर प्रतिपूर्ति दावा नाबार्ड को प्रस्तुत कर दिया जाए।

(27) प्रमुख अभियन्ता एवं सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का यह दायित्व होगा कि वह सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार), निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित वित्तीय प्रबन्धन के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2023-17(4) /75 दिनांक 17.05.2023 तथा शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 19.05.2023 में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(28) परियोजनाओं के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद् की स्थायी संचालन समिति की 60वीं बैठक दिनांक 12.12.2025 के कार्यवृत्त में दिये गये समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व प्रमुखअभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष तथा प्रमुख अभियन्ता (परि0 एवं नियो0), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ का होगा।

4 - इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-94 के लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियन्त्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-01-बाढ़ नियन्त्रण-103-सिविल निर्माण कार्य-23-नदी में सुधार व कटान निरोधक योजनाएं (नाबार्ड पोषित)-24-वृहत निर्माण कार्य (तालिका क्रमांक-01 से 10 तक की परियोजनाओं पर रुपये 23,00,000) के एवं लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियन्त्रण परियोजना पर पूँजीगत परिव्यय-03-जल निकास-103-सिविल निर्माण कार्य -07-जल निकास योजना (नाबार्ड पोषित)-24-वृहत निर्माण कार्य (तालिका के क्रमांक-11 पर अंकित परियोजना पर रुपये 1,00,000) के नामे डाला जाएगा (दोनों मदों का योग रुपये 24,00,000.00) है।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय (*1*) रुपये 23,00,000.00 (रूपये तेईस लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 094 लेखा शीर्षक 4711011032300 नदी में सुधार व कटाव निरोधक योजनायें (नाबार्ड पोषित) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (*2*) रुपये 1,00,000.00 (रूपये एक लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 094 लेखा शीर्षक 4711031030700 जल निकास योजना (नाबार्ड पोषित) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या-E-8-1202-X-2025-26, दिनांक-24.03.2026 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
सिद्धा शरण पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

<u>पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोक्त।</u>

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
(3) प्रमुख अभियन्ता (परि0 एवं नियो0),सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(4) सम्बन्धित जिलाधिकारी।
(5) निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
(6) नोडल अधिकारी, बजट एलॉटमेंट सिस्टम, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(7) उप-महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, 11 विपिन खण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
(8) मुख्य अभियंता, अनु0 एवं नियो0(बाढ़) , सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(9) मुख्य अभियंता (बजट), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(10) सम्बन्धित मुख्य अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0।
(11) वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(12) अधीक्षण अभियन्ता, कम्प्यूटर केन्द्र कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग, लखनऊ।
(13) वित्त (व्यय नियत्रंण) अनुभाग-8
(14) सिंचाई अनुभाग-9/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
सिद्धा शरण पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।